ont>

Title: Regarding reported collapse of a bridge over the Asan river on National highway No. 3 due to use of substandard material in construction.

श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया (गुना) : अध्यक्ष महोदय, मैं सदन का ध्यान आगरा-मुम्बई राट्रीय राजमार्ग नम्बर-3 पर आसन नदी पर पुल के निर्माण में हुए घोटाले और भ्रटाचार की ओर आकर्ाित करना चाहता हूं। मार्च 2002 में इस पुल का उद्घाटन हुआ और उसके ठीक तीन महीने बाद 25 जून 2002 को पुल अपने आप ताश के पत्तों की तरह अपने बोझ के नीचे ढह गया। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री जब मार्च में उद्घाटन के लिए वहां गये थे तो वहां के जनप्रतिनिधियों ने उन्हें एक आवेदन दिया था कि इस पुल के निर्माण में जो सामग्री इस्तेमाल की गई है वह अति निकृट सामग्री है और इससे क्षेत्र की जनता को खतरा उत्पन्न होगा।

23 अप्रैल को केन्द्रीय परिवहन मंत्री ने उनको आश्वासन दिया कि ऐसी कोई बात नहीं है और मामले की पूरी जांच की गई है और उच्च सामग्री इस्तेमाल की गई है। लेकिन जैसे सर्वविदित है कि जून में ही यह पुल अपने बोझ से ढह गया। इस घोटाले की उच्चस्तरीय जांच की जाए और दोी व्यक्तियों को कड़ी से कड़ी सज़ा दी जाए यही हमारा आपसे अनुरोध है। यह प्रश्न केवल इस राजमार्ग का नहीं है, जनता की सुरक्षा के बारे में है। â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : बहुत लोगों के नोटिस मेरे पास हैं।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : प्रधान मंत्री का स्टेटमेंट बहुत डीटेल में आएगा।

SHRI N.N. KRISHNADAS (PALGHAT): Sir, I had given my notice early in the morning.

अध्यक्ष महोदय : आपके नोटिस का उत्तर यहां आ गया है।

SHRI P.C. THOMAS (MUVATTUPUZHA): I have also given my notice.

MR. SPEAKER: I will permit you but no injustice is being done.